Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:14 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:14 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 17 अंक 15 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 27 जून 2025

बिना नाम लिए दिलजीत दोसांझ...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश की चेतावनी, प्रदेश येलो अलर्ट जारी

**देहरादून।** प्रदेश में मानसून आने के बाद से पर्वतीय इलाकों में हो रही तेज बारिश परेशानी का कारण बन रही है। आज (शुक्रवार) को भी राज्य के पर्वतीय इलाकों में तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों मे तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।
जबकि, नैनीताल के कुछ हिस्सों में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी बारिश की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो दो जुलाई तक प्रदेशभर में तेज दौर की बारिश होने के आसार हैं।

## अलकनंदा में जिंदगी की तलाश, रेस्क्यू जारी

**देहरादून।** ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर घोलतीर के पास एक बस खाई में गिर कर अलकनंदा नदी में समा गई थी। हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि आठ घायल हैं। आठ लोगों तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।
ऋषिकेश- बदरीनाथ राजमार्ग पर घोलतीर में हुए हादसे में लापता लोगों की खोजबीन के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। वाहन हादसे में लापता नौ लोगों में से एक और शव आज शुक्रवार सुबह बरामद किया गया है। रेस्क्यू दल ने रतूड़ा के पास नदी की की किनारे से शव बरामद किया। रेस्क्यू दल अलकनंदा नदी के दोनों छोर से खोजबीन कर रहा है। हादसे में मरने वाले की संख्या चार हो गई है। तीन लोगों के शव कल ही बरामद कर लिए गए थे। आज मिले शव की पहचान संजय सोनी, राजस्थान के रूप में हुई है। आठ लोग घायल हैं और आठ यात्री लापता हैं। बीते बृहस्पतिवार को देर शाम देहरादून से लौटते ही जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से की मुलाकात। बृहस्पतिवार सुबह लगभग 7 बजे राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात के 18 यात्री, एक गाइड और चालक 31 सीटर बस से जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग से बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुए थे।

# तनाव कम करने के लिए भारत ने चीन को सुझाए चार विकल्प

**नई दिल्ली/किंगदाओ** एजेंसी

चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चीन के बंदरगाह शहर किंगदाओ में भाग ले रहे हैं। यहां उन्होंने चीनी रक्षा मंत्री से मुलाकात की।
चीन के किंगदाओ में एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) सम्मेलन के दौरान भारत ने चीन को संबंधों को बेहतर करने का फार्मूला सुझाया। भारत ने सीमा पर तनाव को कम करने के लिए चीन से चार योजनाओं पर ध्यान देने के लिए कहा। साथ ही छह साल बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने पर खुशी जताई। एससीओ सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने समकक्ष चीनी रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की। इस दौरान चीन को चार फार्मूलों पर काम करने के लिए कहा गया। इसमें पहला 2024 की विघटन योजना का पालन करना, दूसरा तनाव कम करने के लिए प्रयास, तीसरा सीमाओं पर सीमांकन और परिसीमन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास और चौथा मतभेदों को दूर करने और संबंधों में सुधार के लिए नई प्रक्रियाएं तैयार करने के लिए मौजूदा विशेष प्रतिनिधि स्तर के तंत्र का उपयोग करना शामिल है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा कि किंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डॉन जून के साथ बातचीत की। हमने द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित मुद्दों पर रचनात्मक और दूरदर्शी विचारों का आदान-प्रदान किया। लगभग छह वर्षों के अंतराल के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर अपनी खुशी व्यक्त की। दोनों पक्षों के लिए यह आवश्यक है कि वे इस सकारात्मक गति को बनाए रखें और द्विपक्षीय संबंधों में नई जटिलताओं को जोड़ने से बचें। इसके अलावा उन्होंने चीनी समकक्ष को बिहार की मधुबनी पेंटिंग भेंट की। बिहार के मिथिला क्षेत्र में बनी पेंटिंग की विशेषता चमकीले रंगों और विरोधाभासों या पैटर्न से भरे रेखा चित्र हैं। ये पेंटिंग अपने आदिवासी रूपांकनों और चमकीले मिट्टी के रंगों के उपयोग के कारण लोकप्रिय हैं। रक्षा मंत्री की मुलाकात के बाद चीन ने कहा कि भारत चीन के साथ कोई टकराव नहीं चाहता है और संवाद तथा आपसी विश्वास को बढ़ा रहा है।

अहमदाबाद में रथ यात्रा में हाथी बेकाबू

# जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**नई दिल्ली/पुरी** एजेंसी

ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की शुरुआत हो रही है। यह भव्य यात्रा पुरी के जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर गुंडिचा मंदिर तक जाती है। जगन्नाथ रथ यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। 12 दिन चलने वाली रथ यात्रा को लेकर भक्त उत्साहित हैं। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को जगन्नाथ रथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं।
पुरी के जगन्नाथ मंदिर में पहांडी अनुष्ठान शुरू हुआ। इसमें भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को रथ यात्रा के लिए 12वीं सदी के मंदिर से उनके संबंधित रथों तक जुलूस के रूप में ले जाया गया। अनुष्ठान एक घंटे देरी से शुरू हुआ और तीन घंटे तक चलेगा। पहांडी में त्रिदेवों भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को जुलूस के रूप में सिंह द्वार के सामने खड़े उनके रथों तक ले जाया जाता है। जहां से उन्हें श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाता है। घंटियां, शंख और झांझ बजाते हुए चक्रराज सुदर्शन को सबसे पहले मुख्य मंदिर से बाहर लाया गया और देवी सुभद्रा के दर्पदलन रथ पर बैठाया गया। पंडित सूर्यनारायण रथशर्मा ने बताया कि सुदर्शन भगवान विष्णु का चक्र अस्त्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में की जाती है। सुदर्शन के पीछे भगवान जगन्नाथ के बड़े भाई भगवान बलभद्र थे। भगवान बलभद्र अपने तालध्वज रथ पर विराजमान हैं। जब भगवान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आए, तो ग्रैंड रोड पर भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा, क्योंकि भक्तों ने हाथ उठाकर %जय जगन्नाथ% का नारा लगाया।
पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर ओडिशा के एडीजी एलएंडओ संजय कुमार ने कहा कि हमारा अनुमान है कि आज यहां 10 से 12 लाख लोग जुटेंगे। यहां भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। पूरे शहर को सुरक्षा कवर जोन में बदल दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमें खुफिया जानकारी मिली कि कुछ असामाजिक और राष्ट्र विरोधी तत्व गड़बड़ी पैदा करने का प्रयास कर सकते हैं। इसे रोकने के लिए पूरी तरह से योजना बनाई है और स्थिति पर नियंत्रण बनाए हुए हैं।

# प्रदेश में कोरोना वायरस के चार नए मामले मिले, मरीजों की संख्या बढ़कर 74 हुई

**देहरादून** हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। चार मरीजों को घर पर ही क्वारंटीन किया गया है। जबकि, दो मरीज कैलाश अस्पताल और ऋषिकेश एम्स में भर्ती हैं।
प्रदेश में कोरोना वायरस के चार नए मामले सामने आए हैं। इसमें से दो मरीज देहरादून के रहने वाले हैं। जबकि, दो मरीज उत्तरकाशी से सामने आए हैं। अब कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़कर 74 हो गई है। उत्तराखंड में कोरोना वायरस के छह मरीज एक्टिव हैं। इनमें से चार मरीजों को घर पर ही क्वारंटीन किया गया है। जबकि, दो मरीज कैलाश अस्पताल और ऋषिकेश एम्स में भर्ती हैं। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि प्रदेश में कोरोना वायरस की स्थिति नियंत्रण में है। अब तक सामने आ चुके 74 मरीजों में छह मरीज ही एक्टिव रह गए हैं। अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में डेंगू के तीन नए मरीज मिले हैं।
इन मरीजों को श्रीमहंत इंदिरेश अस्पताल और ग्राफिक एरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरीजों की संख्या बढ़कर 141 पहुंच गई है। उधर, 74 घरों में डेंगू वायरस का लार्वा भी मिला, जिसे नष्ट कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि डेंगू के नियंत्रण के लिए जिले की सभी चिकित्सा इकाइयां जुटी हुई हैं। सभी इलाकों में लार्वा साइडर के छिड़काव और फॉगिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ मुकदमा

**रुद्रपुर** हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र शिव नगर में अवैध शराब बेचने का विरोध करने पर शराब बिक्रेता ने साथियों के साथ पड़ोसी परिवार पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में पीड़ित की ओर से पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने हमला करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दर्ज कराई रिपोर्ट में नन्ही देवी पत्नी सुरेश चन्द्र शर्मा निवासी शिवनगर, ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि उसके पडोस में रहने वाला व्यक्ति योगेश दारू बेचता है और 23 जून को रात योगेश दारू की बोतल और गांजा उसके घर की दीवार से कूद कर लेके जा रहा था। उसे जाते हुये पति ने देख लिया। जब पति ने विरोध किया तो योगेश ने उनको धक्का दिया और फिर थोडी बाद आस-पास के पडोसी शीतल पत्नी शंकर,अर्चना पत्नी विश्वा,रनजीत, रायमल, बीरू लेकर आया उक्त व्यक्तियो के हाथ में लाठी डंडा और बनके थे उक्त लोगो ने उसके पति को रॉड व बन्के से मारापीटा है जिसमे उनके सिर मे खुली चोट आई है और हालत बहुत नाजुक है। आरोप है उक्त लोगो ने उसकी बहू के साथ छेडछाड की और उसे भी बन्का मारा जिसमे बहू के आठ टाके आये है। पुत्र वीरेन्द्र कुमार शर्मा ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो पुत्र के माथे पर बन्का मारा। बाद में जान से मारने की धमकी देकर गये। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुलिस का नशे के बढ़ते प्रकोप के खिलाफ जन जागरुकता अभियान

**रुद्रपुर** हमारे संवाददाता

नशे के बढ़ते प्रकोप के खिलाफ एक प्रभावी पहल के तहत कोतवाली पुलिस,सिटी पेट्रोल यूनिट (सीपीयू), एएनटीएफ, यातायात पुलिस की संयुक्त रूप से जन-जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का उद्देश्य समाज में विशेष रूप से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना रहा। रैली की शुरुआत इंदिरा चौक से हुई, जो मुख्य बाजार, भीड़-भाड़ वाले इलाकों तथा अन्य प्रमुख क्षेत्रें से होती हुई शहर के विभिन्न हिस्सों में पहुंची। इस दौरान रैली में शामिल पुलिसकर्मियों ने आमजन को जागरूक किया और नशे से दूर रहने का आहवान किया। रैली

का नेतृत्व कोतवाल मनोज रतूड़ी कर रहे थे। रैली के दौरान एसएसआई नवीन बुधानी, आदर्श कालोनी पुलिस चौकी प्रभारी होशियार सिंह, बाजार चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार खत्री, रम्पुरा पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार कोहली, बगवाड़ा चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह रिंगवाल,एसआई नवीन जोशी,व्यापार मंडल के महामंत्री मनोज छाबड़ा,कोषाध्यक्ष संदीप राव समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे। रैली में शामिल सभी लोगों ने एक स्वर में नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की और आम जनता से अपील की कि वे अपने परिवार, समाज और विशेषकर युवाओं को नशे के जाल में फंसने से बचाएं। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने कहा कि पुलिस विभाग नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहा है। केवल दंडात्मक कार्रवाई से नहीं, बल्कि जन-जागरूकता के माध्यम से भी नशे के खिलाफ सामाजिक अभियान चलाना आवश्यक है।
उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग की जिम्मेदारी है कि वह नशे के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करे। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने भी नशा मुक्ति अभियान को अपना समर्थन देते हुए कहा कि एक स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करना आवश्यक है। उन्होंने पुलिस प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

# सफाई कर्मचारी संघ का धरना फिलहाल स्थगित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) के भुगतान की मांग को लेकर नैनीताल में सोमवार से चला आ रहा देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ का धरना प्रदर्शन वीरवार को समाप्त हो गया। आंदोलित कर्मियों को पालिका प्रशासन की ओर से तीन दिन में समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया है। पालिका प्रशासन से हुई वार्ता के बाद संगठन ने प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दिया है।

बता दें नेशनल पेंशन स्कीम एनपीएस के तहत कर्मचारियों की जमा धनराशि कर्मचारियों को दिए जाने की मांग को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार को पालिका कार्यालय में पर्यावरण मित्रों ने धरना प्रदर्शन शुरू किया था। वीरवार को हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि पालिका की ओर से उनके एनपीएस की वर्ष 2020 से पूर्व की राशि अल्मोड़ा अर्बन को ऑपरेटिव बैंक की मल्लीताल की शाखा में जमा की गई है। पूर्व में कर्मचारियों को प्लान नंबर जारी न होने

के चलते धनराशि नहीं दी गई। अब उन्हें संबंधित नंबर भी जारी किया चुका है। नियमों के तहत प्रतिकूल परिस्थितियों में धनराशि दिए जाने का प्रावधान है लेकिन कर्मचारियों को इसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। मामले को लेकर वीरवार को दोपहर बाद आंदोलित पर्यावरण मित्रों की पालिका के ईओ रोहिताश शर्मा से वार्ता हुई। तय हुआ कि तीन दिन के अंदर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

जिसके बाद संघ के अध्यक्ष त्रिलोचन टांक ने आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की। इस दौरान संघ के उपाध्यक्ष कमल कुमार, मनोज कुमार, विक्की सिलेलान, मंगू लाल, महेंद्र लाल, अमन टांक, रोहित, अमित सहदेव, रवि कुमार, मनोज कुमार, दीपक कुमार, मनीष कीर्ति, राजा, दिनेश रत्नाकर, मनोज कुमार, शोभा, बबली, अनिता व मीनू आदि मौजूद रहे।

# जरुरतमंद नाव चालकों को छाता वितरण किए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की सामाजिक सरोकारों से जुड़ी प्रमुख संस्था आशीर्वाद वूमेंस कलब की ओर से वीरवार को अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वह्न करते हुए नैनीताल के जरुरतमंद नाव चालकों को बारिस के सीजन के मद्देजनर छतरियों का नि:शुल्क वितरण किया गया वहीं दूसरी ओर अन्य लोगों को नगर को साफ व स्वच्छ रखने के विशेष मकसद से कूडेदानों (डस्टबिन) का वितरण किया गया। नगर के न्यू कलब के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आशीर्वाद वूमेंस कलब के मुताबिक जिन नाव चालकों को छतरियों का वितरण किया गया उनमें विपिन, चंदन, ललित, नरेंद्र, जगदीश, लकी, विनोद, सुरेश, गोपाल, कमल कुमार, कमल, तारो समेत सुधा, गुड्डू, मनोज, हीरा लाल, रोहन, आमिर, प्रदीप तथा ताहिर शामिल रहे वही डस्टबिन न्यू कलब के सदस्यों समेत पूजा, शांति देवी, हिमालय होटल व चीना बाबा मंदिर के पास वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीर्वाद वूमेंस कलब की ओर से शोभा गुप्ता, रेखा त्रिवेदी, नीलू एलहेंस, मानसी, रेखा कंसल, निधि कंसल,मोनिका साह, वर्षाअंजली श्रीवास्तव, गीता साह, मंजू बिष्ट तथा मीनू वशिष्ठ ने सहयोग दिया। अंत में रेखा त्रिवेदी ने सभी आभार व्यक्त किया।

# नैनीताल में 19 व 20 जुलाई को आयोजित होगा हरेला महोत्सव

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक क्लब के अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि विगत वर्ष की भांति इस बार भी हरेला महोत्सव का आयोजन 19 व 20 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। 6 जुलाई को हरेला महोत्सव का आयोजन होटल पवेलियन होटल में किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए हरेला महोत्सव संयोजक गीता शाह व दीपा पांडे को बनाया गया है।अमिता शाह,विनीता पांडे,रानी शाह, ज्योति,हेमा भट्ट को सहसंयोजक, शोभा यात्रा का संयोजक प्रगति जैन,कंचन जोशी को सह संयोजक बनाया गया है। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष आभा साह ने कहा इस बार हरेला महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। दीपा पांडे ने बताया की 19 जुलाई को 11 बजे से गोवर्धन हाल से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें शहर के स्कूली बच्चे प्रतिभाग करेंगे साथ इस बार असम राजस्थान एवं पंजाब की टीमों को भी आमंत्रित किया गया है। राज्य के जिलों के संस्कृत दलों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इस दौरान मीनाक्षी कीर्ति, प्रेमा अधिकारी,दीपिका बिनवाल, रमा भट्ट, सरिता त्रिपाठी, जीवंती भट्ट, कविता त्रिपाठी, रेखा पंत, रेखा जोशी, रमा तिवारी, डॉ.पल्लवी, नीरू शाह, तनू सिंह, कविता गंगोला, नीलम गुप्ता, भावना शाह, वंदना जोशी, मानसी गर्ग, मधुमिता, सीमा सेठ,जया वर्मा, संगीता श्रीवास्तव, अमिता शेरवानी, मीनू बुधलाकोठी, लीला राज, पुष्पा कांडपाल, खष्टि बिष्ट आदि रहे।

## NEWS / फटाफट

### 356 वें दिन भी जारी रहा पौधारोपण आंदोलन

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन वीरवार को 356 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए -पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत वीरवार को उनके नेतृत्व में गुरना देवी मंदिर परिसर पिथौरागढ़ में स्थित गुरना वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। और पूर्व में लगाए गए पौधों का संरक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि उनका पौधारोपण कार्यक्रम जारी रहेगा। पौधारोपण कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता बसंत भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता डा. किशोर पन्त, हर सिंह, शेर सिंह, राजेंद्र सिंह व योगेश उपस्थित रहे।

### राजकीय वाहन चालक पपोला के निधन पर शोक

**नैनीताल ।** नगर के एटीआई में कार्यरत राजकीय वाहन चालक हरीश सिंह पपोला का निधन हो गया है वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दें कि बुधवार की सुबह उनका दिल्ली में निधन हो गया है। उनके निधन पर जिलाध्यक्ष राजकीय वाहन चालक महासंघ गोपाल सिंह अधिकारी सहित जिले जनपद के समस्त वाहन चालकों द्वारा गहरा शोक व्याप्त किया गया है साथ ही भगवान से वंदना की है कि मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

### खुले में शौच कर रहे लोग बुला रहे बीमारियां

**नैनीताल ।** नैनीताल के डीएसए मैदान व कार पार्किंग के बीच बारिश का पानी जमा होने से गंदगी फैल रही है। वहीं लोगों ने क्षेत्र में शौच कर और गंदगी फैला दी है जो बीमारियों को दस्तक दे रही है। बता दें कि पालिका की अनदेखी के चलते डीएसए मैदान व कार पार्किंग के बीच बारिश का पानी जमा हो रहा है। साथ ही लोगों की ओर से क्षेत्र में शौच किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है और मच्छर होने का भय बना हुआ है। पार्किंग से लाखों रुपया कमाने के बाद भी पालिका पार्किंग के समीप सफाई नहीं करा पा रही है। जिसके चलते यह गंदगी बीमारियों को दावत दे रही है। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि पालिका के अधिकारियों को क्षेत्र में सफाई करने के निर्देश दे दिए हैं। साथ ही खुले में शौच करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर उभरे गड्ढे जनमानस के लिए खतरा

**नैनीताल ।** नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर उभरे गड्ढे आम जनमानस के लिए खतरा बन गए थे। सडक पर उभरे गड्ढों को एडीबी ने इमल्शन से भर दिया है। जिससे वाहन चालकों को आराम मिल रहा है। बता दें कि बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नैनीताल पहुंचे लेकिन उनके आने से पहले सारे विभाग हर चीज को व्यवस्थित करने में जुट गए। एडीबी ने ताकुला व रूसी क्षेत्र में सडक के गड्ढों को कंक्रीट से भर दिया लेकिन रात हुई बारिश से सडक पर दोबारा गड्ढे उभर गए। इधर बुधवार को बारिश के चलते गड्ढे नहीं भर पाए। जिसके चलते लोगों को कार या बाइक चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। वीरवार को मौसम साफ होने पर एडीबी ने इमल्शन की मदद से सडक के गड्ढों को भर दिया। एडीबी के सहायक अभियंता अनिल परिहार ने बताया कि इमल्शल से सडक के गड्ढे भर दिए गए हैं।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कुमाऊं विवि में ड्रग डिस्कवरी पर विस्तृत व्याखयान दिया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय के एमएमटी टीसी तथा वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित रिफ्रेशर कोर्स जिसकी थीम रिसेंट एडवांसेज इन प्लांट साइंस रही के अंतिम दिन यानी वीरवार को मेनार्ड के निदेशक डॉ. बी कालाकोटी ने ड्रग डिस्कवरी पर विस्तृत व्याखयान दिया ।

इसी क्रम में एनबीआरआई के पूर्व वैज्ञानिक डॉ ए के एस रावत ने पौधों की रासायनिक उपयोगिता पर बल दिया तत्पश्चात प्रतिभागियों ने एमसीकयू के सवाल हल किए । समापन अवसर पर निदेशक प्रो. दिव्या उपाध्याय ने सभी सहायक प्राध्यापकों को कहा कि ये कोर्स हमें विषय पर अपडेट करते हैं तथा विषय पर नया करने तथा शोध को बढ़ावा देने के लिए नए सूत्र देता है । कोर्स कॉर्डिनेटर तथा विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने सभी का धन्यवाद किया तथा कहा कि ये ट्रेनिंग हमें नई ऊर्जा देते हैं तथा बेहतर पाठ्यक्रम तैयार करने तथा विद्यार्थियों को ओर बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रोत्साहित करने का मंत्र देते है । उन्होंने कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत समेत निदेशक प्रो. दिव्या ,डॉ रितेश साह तथा जतिन सहित सभी रिसोर्स पर्सन विमला,प्रो. एस पी सिंह, डॉ डी के उप्रेती ,डॉ जीएस रावत ,डॉ सामंत ,डॉ कालाकोटी,प्रो. एन दुबे तथा प्रो. पांडे तथा डॉ ए के एस रावत सहित सभी का धन्यवाद दिया। रिफ्रेशर कोर्स का समापन प्रमाण पत्र वितरण की घोषणा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर डॉ मनीष बेलवाल, रीना दुबे, डॉ मीरा माथुर,डॉ लवलीन कौर सहित 156प्रतिभागी जो जममू से केरल तथा गुजरात से बंगाल राज्यों से संबंधित रहे उपस्थित रहे ।

# शिक्षा मंत्री ने किया पुस्तक का विमोचन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने नैनीताल कलब में वीरवार को कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी, प्राध्यापक डॉ. कंचन उप्रेती, डॉ नवीन चंद्र पांडे, गोविंद बल्लभ पंत पर्यावरण संस्थान लद्दाख के डॉ. नवीन चंद्र, यूसेक देहरादून के डॉ गजेंद्र सिंह तथा फैलो ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज प्रो. यशपाल सिंह पांगती द्वारा लिखित पुस्तक हिमालयन ग्रीन ट्रेजर यूजफुल प्लांट्स ऑफ उत्तराखंड वेस्टर्न हिमालय इंडिया का विमोचन किया।

पुस्तक के विमोचन के बाद डॉ रावत ने सभी लेखकों को बधाई दी। प्रो.तिवारी ने बताया कि पुस्तक में उत्तराखंड की 757 कुलों की 1265 पौधों की प्रजातियों का वर्णन है जिसमें द्विबीजपत्री की 125 कुल तथा 1052 वंश एकबीज पत्री की 24 कुल तथा 102 वंश तथा 163 प्रजातियां शामिल

है । जिमनास्पर्म की 5 फैमिलीज 9 वंश तथा 14 प्रजाति शामिल हैं । टेरीडोफ्फाइटस की 16 कुल तथा 26 वंश 36 प्रजाति शामिल हैं । सभी के अपडेटेड नाम,बोटेनिकल नाम तथा विवरण व उपयोग तथा वितरण इस पुस्तक में दिया गया है । पुस्तक को इंदु बुक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड न्यू दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है। 850 पृष्ठों की पुस्तक में कई पौधों की रंगीन चित्र दिए गए हैं,पुस्तक की कीमत 6995 रुपएं रखी गयी है। पुस्तक का आमुख प्रो. प्रदीप के जोशी चेयरमैन एनटीए व पूर्व चेयरमैन यू पीएससी न्यू दिल्ली ने लिखा है । इस अवसर पुस्तक के लेखकों की ओर से सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डा.रावत को शॉल उड़ाकर तथा पुष्प गुच्छ तथा 6 पौधों के फ्फलायर भी भेंट किए गए । पुस्तक के विमोचन के मौके पर विधायक सरिता आर्य समेत डॉ विजय कुमार, डॉ मोहित सिंह रौतेला, नितिन सिंह कार्की, डॉ दीपक मेलकनी,मोहित लाल साह,भारत सिंह मेहरा तथा निखिल बिष्ट आदि शामिल रहे,दूसरी ओर पुस्तक के विमोचन होने के बाद डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत ने सभी लेखकों को बधाई दी है।

# अभिमत

## आर्थिक विषमता

***विषमता के कारण अधिकतर लोग शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए परेशान हैं। सब चाहते हैं कि अमीर लोगों की संख्या बढ़े, लेकिन उसी तरह गरीबी भी घटे। सत्तर और अस्सी के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया। इस जुमले से वर्षों तक चुनाव जीता गया, परन्तु कटु सत्य यह है कि गरीबी का अभिशाप आज भी झेलना पड़ रहा है। एक तरफ आर्थिक शक्ति बनने का दावा किया जाता है, दूसरी तरफ प्रति व्यक्ति आय नहीं बढ़ने से संपन्नता झूठी साबित हो रही है।***

भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। आर्थिक संपन्नता पर गौरवान्वित होना अनुचित नहीं है। विडम्बना यह है कि अमीरों की बढ़ती संख्या और उनकी संपत्ति से आर्थिक विषमता का संकट उत्पन्न हो गया है। एक प्रतिशत अमीर लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत संपत्ति है। निम्न वर्ग के 50 प्रतिशत लोगों के पास मात्र तीन प्रतिशत संपत्ति है तथा वह और अधिक गरीब होते जा रहे हैं। इस विषमता के कारण अधिकतर लोग शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए परेशान हैं। सब चाहते हैं कि अमीर लोगों की संख्या बढ़े, लेकिन उसी तरह गरीबी भी घटे। सत्तर और अस्सी के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया। इस जुमले से वर्षों तक चुनाव जीता गया, परन्तु कटु सत्य यह है कि गरीबी का अभिशाप आज भी झेलना पड़ रहा है। एक तरफ आर्थिक शक्ति बनने का दावा किया जाता है, दूसरी तरफ प्रति व्यक्ति आय नहीं बढ़ने से संपन्नता झूठी साबित हो रही है। सरकार ने गरीबों के कल्याण की योजनाएं शुरू की हैं। भ्रष्टाचार के कारण सरकार की योजनाओं का लाभ गरीबों को नहीं मिल रहा है। अमीर और गरीब का फासला लगातार बढ़ता जा रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना के प्रकोप के दौरान भारत के करोड़ों लोगों को रोजगार से हाथ धोना पड़ा। परिवार का भरण-पोषण करने के लिए जूझना पड़ा। उसी दौरान वर्ष 2021 में अरबपतियों की संपत्ति में वृद्धि दर्ज की गई। भारत विकासशील देशों की सूची से बाहर हो चुका है। अनेक क्षेत्र में आत्मनिर्भर है। साठ के दशक में खाद्यान्न का संकट गंभीर था। अनाज विदेश से आयात करना पड़ता था। वैज्ञानिकों ने अनाज की अधिक उपज वाली प्रजाति के बीज विकसित किये और भारत में हरित क्रांति हुई। अब भारत ने आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। 144 करोड़ से अधिक लोगों के लिए पर्याप्त खाद्यान्न है। इसके साथ ही भारत खाद्यान्न का निर्यात करने की स्थिति में है, फिर भी गरीबी से पीछा नहीं छूट रहा है। आर्थिक विषमता से सर्वाधिक पीड़ित मध्यम वर्ग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व की सबसे बड़ी आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की है, इसके बावजूद इलाज नहीं मिल पाने से आये दिन लोगों की मृत्यु हो रही है।

# सीएम ने शिकायतों का निस्तारण न होने पर जताई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से सीएम हैल्प लाईन 1905 की समीक्षा करते हुए 6 माह से अधिक लंबित शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अनावश्यक रूप से जन शिकायतें फोर्स क्लोज न किये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन को राज्य की बेस्ट प्रैक्टिस में लाने के लिए और प्रभावी प्रयास किए जाएं। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक दिन सभी जनपदों में तहसील दिवस का आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री तहसील दिवस के दिन किसी एक जनपद में औचक रूप से प्रतिभाग करेंगे। इसी तरह एक दिन पूरे राज्य में थाना दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए जनता दर्शन, तहसील दिवस और बीडीसी का नियमित आयोजन किया जाए।पुलिस और प्रशासन द्वारा मिलकर अतिक्रमण और सत्यापन अभियान और प्रभावी रूप से चलाए जाएं। प्रत्येक जनपद में दो-दो गांवों को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किए जाएं, इसके लिए सभी जनपदों में शीघ्र नोडल अधिकारी बनाए जाएं। सीएम ने निर्देश दिए कि प्रदेश में जहां भी बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर की स्थिति खराब है, उन्हें शीघ्र बदला जाए। सभी ट्रांसफार्मरों का सेफ्टी ऑडिट भी किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं कम वोल्टेज और बिजली के तार लटकने की समस्या न आए, ऐसे प्रकरण पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी प्राधिकरणों से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों के घरों के नक्शे पास करने में पेंडेंसी न हो।

सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों के निस्तारण में अच्छा कार्य करने पर मुख्यमंत्री ने परिवहन, कृषि, समाज कल्याण, आबकारी एवं ऊर्जा विभाग की सराहना की। लोक निर्माण विभाग, भू-विज्ञान और खनन, राजस्व, गृह एवं वित्त विभाग को शिकायतों के निवारण में और तेजी लाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए। सीएम हेल्पलाइन में पेयजल, स्ट्रीट लाइट के रख-रखाव, जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन, बिजली कटौती और बिजली के बिल से संबंधित शिकायतें अधिक आ रही हैं। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से बात भी की।बैठी में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीडीओ दिवेश शाशनी, डीएफओ यूसी तिवारी, एडीएम पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल,सीएमओ डॉ केके अग्रवाल,सीईओ केएस रावत,मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आशुतोष जोशी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पालिका से भिक्षुकों को शहर से खदेड़ने की मांग

**नैनीताल** । नैनीताल में इन दिनों पर्यटकों के साथ भिक्षुकों की भीड़ भी बढ़ गई है। वहीं जबरन पैसे मांगते भिक्षुक पर्यटकों को परेशान कर रहे हैं। लोग लगातार पुलिस व पालिका से भिक्षुकों को शहर से खदेड़ने की मांग कर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी नयना देवी मंदिर के बाहर भिक्षुकों का जमावड़ा लगा है।

बता दें कि हर पर्यटन सीजन के दौरान पर्यटकों से पहले यहां दर्जनों भिक्षुक पहुंच जाते हैं। जो डीएसए भवनए बैंड स्टैंड और रिकशा स्टैंड में रात बिताकर दिन में मंदिर और बाजार क्षेत्र में लोगों से पैसे मांगते हैं। इन दिनों इनकी तादाद शहर में बढ़ रही है। भिक्षुक पैसे मांगकर पर्यटकों को परेशान कर रहे हैं। लोग भिक्षुकों को को शहर से खदेड़ने की मांग कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को भी नयना देवी मंदिर के समीप भिक्षुकों का जमावड़ा लगा रहा। जो स्थानीय दुकानदारों व पर्यटको को परेशान करते नजर आए। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि जल्द ही पूर्व की तरह अभियान चलाकर भिक्षुकों को शहर से बाहर किया जाएगा।

# विद्यार्थियों ने अखिल भारतीय फार्मेसी दक्षता परीक्षा में सफलता हासिल की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के भीमताल स्थित भेषज विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों द्वारा अखिल भारतीय फार्मेसी दक्षता परीक्षा (जीपैट)2025 में सफलता हासिल की है।

विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो कुमुद उपाध्याय ने बताया कि प्रतिवर्ष भारत सरकार की संस्था नेशनल मेडिकल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा देशभर के फ मेंसी स्नातकों हेतु अखिल भारतीय स्तर पर स्नातक फार्मेसी दक्षता परीक्षा का योजन किया जाता है जिसमें सफल प्रतिभागी विभिन्न राष्ट्रीय फार्मेसी संस्थानों में प्रवेश हेतु अर्ह होने साथ फार्मेसी कार्डसिल ऑफ इंडिया से छात्रवृति प्राप्त करते हैं। कुमाऊं विश्वविद्यालय के भेषज विज्ञान विभाग के विद्यार्थी प्रतिवर्ष इस परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हैं। प्रो.उपाध्याय के मुताबिक इस वर्ष भी 6 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता हासिल करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इसमें बी फार्म अंतिम वर्ष के विद्यार्थी खुशी देवल ने जीपैट में 224 रैंक व नाइपर में 839 वीं रैंक जबकि अमित सिंह ने जीपैट में 1037 रैंक और नाइपर में 324वी रैंक वहीं प्रशांत जोशी ने जीपैट में 1328 रैंक व नाइपर में 481 रैंक तथा मोहित सिंह ने जीपैट में 1340 रैंक व नाइपर में 796 वीं रैंक वही श्रुति जायसवाल ने जीपैट में 2361 रैंक नाइपर में 518 रैंक अखिल भारतीय स्तर पर हासिल की है वहीं बी फार्म तृतीय वर्ष के छात्रआयुष मिश्रा ने जीपैट में अखिल भारतीय स्तर पर 816वीं रैंक हासिल की है।

विद्यार्थियों की इस कामयाबी पर कुविवि के कुलपति प्रो दीवान सिंह रावत समेत भीमताल परिसर के निदेशक प्रो एल के सिंह, विभागाध्यक्ष एवं डीन टेकनोलॉजी प्रोफेसर कुमुद उपाध्याय सहित विभाग के प्रो अनीता सिंह, प्रो अर्चना नेगी साह, डॉ तीरथ कुमार, डॉ महेंद्र सिंह राणा, डॉ राजेश्वर कमल कांत सहित सभी गुरुजनों, कर्मचारियों तथा छात्रों ने खुशी जाहिर करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

# फिल्मी दुनिया

## बिना नाम लिए दिलजीत दोसांझ को निशाना बनाने के बाद बंद किया अकाउंट

*पंजाबी गायक गुरु रंधावा ने सरदार जी 3 विवाद के बीच दिलजीत दोसांझ पर निशाना साधते हुए एक क्रिप्टिक पोस्ट लिखा था। इसके बाद सिंगर को सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। फिर कुछ देर बाद गुरु रंधावा ने अपना एक्स अकउंट बंद कर दिया। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला।*

*बीते दिन गुरुवार को गायक गुरु रंधावा ने सरदार जी 3 विवादों को लेकर दिलजीत दोसांझ पर निशाना साधते हुए एक ट्वीट किया था। हालांकि, बताते चलें कि उन्होंने उसमें किसी का नाम नहीं लिया था। इसके बाद नेटिजंस ने उन्हें ट्रोल करते हुए कहा वो खुद के प्रचार के लिए इस विवाद में कूद रहे हैं। इसके बाद गायक ने किसी भी बात की प्रतिक्रिया ना देते हुए, सीधे अपना एक्स अकाउंट ही डिलीट कर दिया। अब उनका एक्स अकाउंट खोलने पर दिखाता है कि ऐसा कोई अकाउंट है ही नहीं। सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फिल्म सरदार जी 3 का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसमें उनके साथ पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर भी नजर आ रही थीं। इसे देखते ही नेटिजंस अभिनेता पर भड़क गए और उन्हें देश का दुश्मन तक बताने लगे। इस बढ़ते विवाद पर कई सितारों ने भी प्रतिक्रिया दी। इसी कड़ी में गायक गुरु रंधावा ने भी दिलजीत दोसांझ का बिना नाम लिए कहा कि ये सब एक पीआर का खेल है। इसी के बाद से गुरु रंधावा को भी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा।*

### फिल्म रिलीज

*बता दें अमर हुंदाल के निर्देशन में बनी 'सरदार जी 3' अब भारत में रिलीज नहीं होगी। इसे आज यानी कि 27 जून को सिर्फ इंटरनेशनल सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। अब पाकिस्तानी सेंसर बोर्ड ने भी फिल्म को मंजूरी दे दी है।*

# बादल फटने से आई बाढ़ में अब तक सात की मौत, मनूणी खड्ड में एक और शव मिला

हिमांचल

हमारे संवाददाता

बादल फटने से आई बाढ़ में धर्मशाला और कुल्लू में छह लोग अभी भी लापता हैं। धर्मशाला के खनियारा में मनूणी खड्ड में बहे एक और श्रमिक का शव सुबह बरामद हुआ है।

हिमाचल में बुधवार को पांच जगह बादल फटने से आई बाढ़ में अब तक सात लोगों की जान चली गई है। धर्मशाला और कुल्लू में छह लोग अभी भी लापता हैं। धर्मशाला के खनियारा में मनूणी खड्ड में बहे एक और श्रमिक का शव सुबह बरामद हुआ है। दो अभी भी लापता हैं। गुरुवार को यहां तीन शव बरामद हुए थे।मौसम के कहर के बीच पहाड़ी में चढ़ गए एक युवक को रेस्क्यू कर लिया गया है। कुल्लू और धर्मशाला में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस की टीमें और स्थानीय लोग लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेक्टा ने कहा कि हमारा लक्ष्य आज लापता श्रमिकों का पता लगाना है। हिमाचल प्रदेश पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की 50 सदस्यीय टीम मौके पर मौजूद है। होमगार्ड की एक टीम भी यहां पहुंच रही है। उधर, कुल्लू के सैंज में बहे एक ही परिवार के तीन सदस्यों का कोई पता नहीं चला है। तीर्थन नदी में एक और व्यक्ति के बहने की सूचना है। मंडी के धर्मपुर में जालपा मंदिर के पास भी ब्यास नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। उधर, बादल फटने के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के चलते सैंज में फंसे सैलानी सुरक्षित निकाल लिए गए हैं। खनियारा में बुधवार को बादल फटने से मनूणी खड्ड में आई बाढ़ के बीच सोकणी दा कोट में बने निजी बिजली प्रोजेक्ट में काम कर रहे नौ लोग लापता हो गए थे। उधर, कुल्लू में सैंज के जीवानाला में बादल फटने से नंद लाल (72), उनकी बेटी मूर्ति देवी (15) और बहन (67) यान दासी लापता हैं।

News कॉर्नर

## अराजकतत्वों ने किए कब्र क्षतिग्रस्त, मुकदमा

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल थाना क्षेत्र में अराजकतत्वों की ओर शिया कब्रस्तान में कब्रों को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तल्लीताल निवासी मुश्ताक अली खान ने ज्योलीकोट चौकी में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि बीते दिनों कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से ग्राम दयोता स्थित शिया कब्रस्तान में 15 से0 20 कब्रों को क्षतिग्रस्त कर तोडफोड की गई है। आरोप लगाया जा रहा है कि अराजक तत्वों की ओर से माहौल बिगाडने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कब्र तोडने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बाताया कि मामले में शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कथक की परंपरागत शैली और मंचीय प्रस्तुति सीखी

**अल्मोड़ा।** मिशन इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित कथक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का बृहस्पतिवार को सातवां दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहा। पूरे दिन चले प्रशिक्षण सत्रों में प्रशिक्षणार्थियों ने कथक की बारीकियों को सीखा और अभ्यास किया। गुजरात से आए मुख्य प्रशिक्षक जिगर रजनीकांत भट्ट, सहयोगी प्रशिक्षक डॉ. निष्ठा देसाई और छह प्रशिक्षित छात्राओं की टीम ने दो सत्रों में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों की ओर से प्रतिभागियों को कथक की परंपरागत शैली के साथ-साथ मंचीय प्रस्तुति की तैयारी भी कराई गई। सांयकालीन सत्र में हुई संगोष्ठी में भविष्य में प्रशिक्षण जारी रखने पर चर्चा हुई। प्रशिक्षणार्थी छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने की इच्छा जताई। सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष विमल सती ने बताया कि शुक्रवार को इस कार्यशाला का समापन दीवान सिंह हॉल रानीखेत में होगा। इसमें प्रशिक्षण प्राप्त सभी छात्र-छात्राएं मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगी।

# किच्छा क्षेत्र में दो लोगों के शव मिलने से हड़कंप मचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

किच्छा क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोगों के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एक का शव हल्द्वानी मार्ग पर धान की रोपाई के लिए कदेड़ कर तैयार किए गए खेत में और दूसरा शव रोडवेज के पीछे खंडहर भवन में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव पंचनामा की कार्रवाई पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गुरुवार दोपहर पुलिस को रोडवेज के पीछे खंडहर भवन में एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की शिनाख्त 37 वर्षीय भगवान दास पुत्र होरी लाल निवासी वार्ड नंबर 16 नई बस्ती विकास कालोनी किच्छा के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक घर में ही सामान निकाल कर बेचने का पता लग जाने के कारण वह पिछले कुछ दिनों से अपने घर भी डर के कारण नहीं जा रहा था। अभी पुलिस भगवान दास के शव का पंचनामे की कार्रवाई से निपटी थी कि हल्द्वानी मार्ग पर प्राग फार्म के खेत में शव पड़ा होने की सूचना मिली। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। प्राग फार्म के खेत में ठेकेदार इब्ने अली धान की रोपाई करवा रहा था। कदेड़ कर रोपाई के लिए तैयार किए गए खेत में जब कार्य कर रह रही महिला लेबर जब धान रोपते हुए हल्द्वानी मार्ग हाइवे की तरफ आई तो वहां एक व्यक्ति का शव पानी में दबा पड़ा देख घबरा गई और चीखती हुई वहां से भागी। वहां पर और भी मजदूर पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक पुलिस शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद सील कर रही। तभी मृतक के परिवार के लोग पहुंचे। उसकी शिनाख्त 50 वर्षीय चंद्रिका पासवान पुत्र श्याम सुंदर निवासी बसगर शक्तिफार्म, हाल निवासी शिव मंदिर वाली गली ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने बताया मृतक को मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण अक्सर भूल जाता था। माना जा रहा है वह रात में किसी समय खेत में भटक कर पहुंचा होगा। धान की रोपाई के लिए तैयार खेत के किनारे पानी जमा हो जाने के कारण दलदली मिट्टी में वह गिरने के बाद फंस कर उठ नहीं पाया होगा, जिससे उसकी मृत्यु की संभावना है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा। इधर एसआई महेश कांडपाल ने बताया कि चंदिका 18 जून से लापता था। तलाश की जा रही थी,कल दोपहर को उसका शव किच्छा क्षेत्र में मिला था।

### फारेंसिक यूनिट ने किए साक्ष्य एकत्र

**रुद्रपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में शव मिलने पर जनपद की फारेंसिक यूनिट को भी प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने बुला लिया था। उन्होंने वहां पहुंच कर क्राइम सीन क्रियेट करने के बाद शव को बाहर निकाल वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए।

# बच्चों ने हस्तलिखित पुस्तक के लिए तैयार किया रंगीन मुखपृष्ठ

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

बाल प्रहरी, बाल साहित्य संस्थान और भारत ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से रैमजे इंटर कॉलेज में आयोजित बाल विज्ञान मेले के चौथे दिन बच्चों को विज्ञान की अवधारणा और वैज्ञानिक सोच की जानकारी दी गई। बच्चों ने अपनी हस्तलिखित पुस्तक के लिए रंगीन मुखपृष्ठ तैयार किया।

बच्चों ने लुप्त होती पत्र विधा को समझा। अपने परिजनों को पत्र लिखकर कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बाल प्रहरी संपादक उदय किरौला ने रिपोर्ट लेखन की जानकारी दी। भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सचिवत्री पूर्व प्रधानाचार्य नीरज पंत ने कहा कि पहले जानो फिर मानो के सिद्धांत पर किसी भी विषय पर क्या, क्यों, कैसे जैसे तर्क वितर्क करना विज्ञान हमें सिखाता है। भारत ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बच्चों को विज्ञान के कई प्रयोग कराए। जीआईसी चौरा हवलबाग के शिक्षक दिनेश पांडे ने कहा कि हरेला आदि त्योहार भी कहीं न कहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शचि शर्मा ने बच्चों को बाल अधिकार और बैड टच, गुड टच की जानकारी दी। भारत ज्ञान विज्ञान समिति की जिलाध्यक्ष डॉ. विजया ढौंडियाल ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए बालिकाओं को जागरूक रहने की अपील की। समापन पर 27 जून को बच्चों की ओर से तैयार हस्तलिखित पुस्तकों की प्रदर्शनी लगेगी। जीआईसी बसर की प्रधानाचार्य डॉ. चंद्रकला वर्मा, भारत ज्ञान विज्ञान समिति हवालबाग के संयोजक अशोक पंत, नीरज पंत, प्रमोद तिवारी ने बाल कवि सम्मेलन, नुक्कड़ नाटक व समूह गीत में बतौर संदर्भदाता बच्चों का मार्गदर्शन किया।

# दो माह के लंबे इंतजार के बाद आरटीओ रोड पांडेनवाड़ मार्ग वाहनों के लिए खोला

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दो माह के लंबे इंतजार के बाद आरटीओ रोड पांडेनवाड़ मार्ग को वाहनों के लिए खोल दिया गया है। बारिश में प्रेमपुर लोश्झानी और आसपास के क्षेत्रों को रकसिया नाले से होने वाली तबाही को रोकने के उद्देश्य से शहरी विकास विभाग की कार्यदाई संस्था यूयूएसडीए 25 अप्रैल 2025 से भूमिगत रकसिया नाले के आउटफाल का निर्माण कार्य शुरू किया था। इसके चलते आनंदपुर तिराहे के पास वाले पर चौपहिया व भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित था। जो बृहस्पतिवार को वाहनों के लिए खोल दिया गया। यूयूएसडीए के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार से सड़क वाहनों के आवागमन के लिए पूरी तरह खोल दी गई है। भूमिगत रकसिया नाले का निर्माण पूरा होने के बाद जहां लोगों को बारिश के बाद होने वाली दिक्कत से निजात मिलेगी वहीं वाहन चालकों को भी इसका लाभ होगा।

# रुद्रपुर पहुंचे उत्तराखंड मीडिया सलाहकार समिति अध्यक्ष गोविंद सिंह

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड मीडिया सलाहकार समिति अध्यक्ष डॉ गोविंद सिंह जिला मुख्यालय जिला सूचना कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से मुलाकात कर समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

आपको बता दें कि उत्तराखंड सरकार के मीडिया सलाहकार समिति अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद डॉक्टर गोविंद सिंह गुरुवार को रुद्रपुर पहुंचे। जहां उन्होंने सूचना कार्यालय में स्थानीय पत्रकारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान पत्रकारों के द्वारा तमाम समस्याओं से अवगत कराया गया। पत्रकारों ने बताया कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों को उत्तराखंड में सरकार द्वारा जो रोडवेज बस में सुविधा दी जा रही हैं उसको बढ़ाकर पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में भी किया जाए ताकि उत्तराखंड के पत्रकारों को यूपी की बसों में भी सुविधा मिल सके। इसके साथ ही निजी अस्पतालों में मान्यता प्राप्त पत्रकारों के उपचार को कैशलेस कराए जाने की मांग रखी और ऋषिकेश एम्स में पत्रकारों को आसानी से उपचार की सुविधा मिले इस पर भी विचार करने को कहा। साथ ही कोरोना के समय से बंद चल रही रेलवे से मिलने वाली सुविधाओं को पुन शुरू करने की मांग की। पत्रकारों ने और भी तमाम समस्याओं से अवगत कराया।

जिसमें मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष ने समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर उनका समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ समस्याएं केंद्र सरकार से संबंधित हैं उस पर राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार को पत्राचार किया जाएगा। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी समेत पत्रकार मौजूद थे।

## सरस्वती कॉलोनी में सड़क और नाली निर्माण कार्य शुरू

**गदरपुर।** पालिका अध्यक्ष ने वार्ड नंबर एक सरस्वती विहार कॉलोनी में करीब नौ लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क और नाली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। वहां पर सभासद राधा मौर्य, आशा रानी, सीमा ढूमढ़ा, वर्षा रानी, परमजीत सिंह, परमानंद नारंग, अरविंद खेड़ा, अंकुर अरोरा आदि थे।

# विधायक पांडेय ने मृतक के परिजनों को सौंपा सहायता राशि का चैक

गदरपुर

हमारे संवाददाता

एक वर्ष पूर्व करंट से झुलसे युवक की मौत के मामले में परिजनों को अवशेष सहायता राशि का चेक मिल गया है। 22 जून 2024 को वार्ड नंबर तीन गांधी कॉलोनी निवासी मेवाराम का 25 साल का बेटा विशेष घर के बाथरूम में नहा रहा था। इस बीच घर के सामने से निकल रही 33000 केवी विद्युत लाइन की ढीली तारें तेज हवा के कारण हिलने लगीं। बारिश के चलते गीले मकान के सरिये झूलती तार के संपर्क में आ गए और बाथरूम में फैले करंट की चपेट में आने से झुलसे विशेष की इलाज के दौरान मौत हो गई। विधायक अरविंद पांडेय मौके पर पहुंचे थे और विभागीय अधिकारियों से वार्ता के बाद विशेष के परिजनों को 80 हजार की तत्कालिक सहायता राशि का चेक सौंपा था। एक वर्ष बाद बृहस्पतिवार को विधायक पांडेय कार्यकर्ताओं के साथ मृतक के घर पर पहुंचे। उन्होंने विशेष की मां गोमती देवी को तीन लाख बीस हजार रुपये की अवशेष सहायता राशि का चेक सौंपा। वहां सभासद सचिन गुप्ता, अनिल जेटली, अतुल पांडेय, संतोष गुप्ता, राजेश सक्सेना, विपिन गुप्ता, योगेश पानू आदि थे।

# नर्सिंग कॉलेज में वार्षिक पुस्तकालय महोत्सव का शुभारंभ

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी में गुरूवार से वार्षिक पुस्तकालय महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया गया। महोत्सव का आयोजन 26 जून 2025 से 1 जुलाई 2025 तक किया जाएगा।

महोत्सव के अंतर्गत कई सारी नूतन लाइब्रेरी प्रतियोगिताओं का आयोजन छात्र-छात्राओं के साथ किया जा रहा है। बताते चलें कि राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी, उत्तराखंड का पहला नर्सिंग कॉलेज है, जहां वाइब्रेंट लाइब्रेरी को लेकर तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। गुरुवार को बुक टॉक प्रतियोगिता एवं बुक रिव्यू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में 114 बच्चों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल के सदस्यों के तौर पर उमेश पांडे, गीतांजलि साह, नीता बिष्ट, गीता आर्या, ज्योति बुढ़लाकोटी, तारा राणा, रंजना उपाध्याय, खष्टी जोशी, हेमलता एवं वैशाली मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की छात्रा अदिति पुंडीर, पूजा रौतेला एवं छात्र अमित बिष्ट, विमल कुमार ने किया। डा0 अरुण जोशी प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी ने बताया कि लाइब्रेरी गतिविधियां पुस्तकालय का एक बहुत महत्वपूर्ण आयाम हैं। इसलिए इस फेस्टिवल में विभिन्न लाइब्रेरी गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं में लाइब्रेरी एवं किताबों के प्रति रुचि बढ़ाने को लेकर प्रयास किये जा रहे हैं।

राजकीय नर्सिंग कॉलेज हल्द्वानी की प्राचार्या डॉ0 सबिस्ता अहमद नाज़ ने बताया कि शुक्रवार 27 जून को शेयर्ड रीडिंग प्रतियोगिता एवं स्वरचित कविता प्रतियोगिता, 28 जून को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा 1 जुलाई को सोशल अवेयरनेस ड्रामा प्रतियोगिता एवं समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।